आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह आज नई दिल्ली में 17वीं पेंशन अदालत की अध्यक्षता करेंगे।
2. 5वें राष्ट्रीय डॉल्फ़िन दिवस के अवसर पर उप–राज्यपाल ने कहा–डॉल्फ़िन जलीय पारिस्थितिक तंत्र को बनाए रखने के लिए अनिवार्य हैं।
3. उपराज्यपाल, डॉ. दिनेश शर्मा ने युवाओं से 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अभिमान' के संदेश को अपनाने का आग्रह किया।
4. मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती ने चिड़ियाटापू स्थित मुंडा पहाड़ ट्रैक का पुनः उद्घाटन किया।

<><><><><><><>

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह आज नई दिल्ली में 17वीं पेंशन अदालत की अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान अस्सी वर्ष से अधिक उम्र के यानी सुपर–सीनियर पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों की आठ सौ 97 दीर्घकालिक शिकायतों का समाधान किया जाएगा। डॉ. सिंह इस वर्ष 13 मई को आयोजित 16वीं पेंशन अदालत की सफलता की गाथाओं को उजागर करने वाले छोटे पोस्टर जारी करेंगे। इस अवसर पर पारिवारिक पेंशनभोगियों से जुड़े मुद्दों पर अकसर पूछे जाने वाले प्रश्नों और उनके उत्तर वाली पुस्तिका का विमोचन भी किया जाएगा।

<><><><><><><>

आज 5वें राष्ट्रीय डॉल्फ़िन दिवस के अवसर पर उप–राज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि डॉल्फ़िन प्राकृतिक आवास स्वस्थ, लचीले और जीवंत जलीय पारिस्थितिक तंत्र को बनाए रखने के लिए अनिवार्य हैं। डॉल्फ़िन हमारी समुद्री जैव विविधता का एक अभिन्न अंग हैं और जलीय पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य के प्रमुख संकेतक के रूप में कार्य करती हैं। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह, अपने समृद्ध और विविध समुद्री आवासों के साथ, डॉल्फ़िन सहित समुद्री जीवन की एक विस्तृत विविधता को आश्रय प्रदान करता है। उन्होंने युवाओं, मछुआरा समुदायों और सभी हितधारकों से डॉल्फ़िन और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण में सक्रिय रूप से योगदान देने का आह्वान किया है।

<><><><><><><>

जी.बी. पंत अस्पताल के अपने हाल के दौरे के दौरान, उपराज्यपाल ने बैठने की अपर्याप्त सुविधाओं के कारण मरीजों और परिचारकों को होने वाली

कठिनाइयों का संज्ञान लिया। उन्होंने अस्पताल अधिकारियों को सर्जिकल वार्ड और आईसीयू के पास आवश्यक क्षेत्रों में बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इन निर्देशों का पालन करते हुए, जिला प्रशासन ने अस्पताल में बुनियादी रोगी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त कुर्सियाँ लगाई गई हैं।

<><><><><><><>

पवन हंस लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुनील कुमार ने कल लोक निवास में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान द्वीपसमूह में हेलीकॉप्टर कनेक्टिविटी बढ़ाने, पर्यटन के लिए नए और अत्यंत सुविधाजनक प्रस्ताव पेश करने, द्वीपवासियों की सुविधा के लिए नए मार्गों का संचालन करने, पायलट प्रशिक्षण अकादमी की स्थापना करने तथा क्षेत्र के युवाओं के लिए कौशल विकास के अवसरों को बढ़ावा देने सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर नागरिक उड्डयन सचिव, उपराज्यपाल के सचिव तथा पवन हंस लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

शतरंज प्रशिक्षक और आर्बिटर बी. निल्लइया को मुंबई में शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें मलेशिया में आज से 12 अक्टूबर, तक आयोजित हो रही 'राष्ट्रमंडल स्कूल शतरंज चैम्पियनशिप' में अंतर्राष्ट्रीय आर्बिटर नियुक्त किया गया है ।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल, डॉ. दिनेश शर्मा ने कल प्रशासन की ओर से मरीना पार्क, में आयोजित 'विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा' स्वास्थ्य पदयात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर, उपराज्यपाल ने युवाओं से 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अभिमान' के संदेश को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने नशा मुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाते हुए द्वीप समूह को पूरी तरह से नशा मुक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। उपराज्यपाल ने अपने संबोधन में नशीली दवाओं से जुड़ी गतिविधियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम में सांसद, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक सहित प्रशासन और विभिन्न विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, छात्र और स्थानीय निवासी उपस्थित थे ।

<><><><><><><>

72वें वन्यजीव सप्ताह के तहत पर्यावरण एवं वन विभाग ने कल चिड़ियाटापू जैविक उद्यान में पक्षी दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार सिन्हा, प्रशासन और पर्यावरण एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में एवियंस क्लब, टूर ऑपरेटरर्स, पंचायती राज संस्थाओं के सदस्य, छात्र और स्वयंसेवकों ने पक्षी दर्शन किया।

इसी क्रम में चिड़ियाटापू में मगरमच्छ नियंत्रण, बचाव एवं पुनर्वास पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य वन्यजीवों और सार्वजनिक सुरक्षा दोनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए मगरमच्छों के सुरक्षित नियंत्रण, बचाव, पुनर्वास और प्रबंधन में फ्रंटलाइन वन कर्मियों के ज्ञान, तकनीकी कौशल और परिचालन तैयारियों को बढ़ाना था। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए वन संरक्षक जोजू पी. अलप्पट ने मगरमच्छ बचाव और पुनर्वास अभियानों में तकनीकी ज्ञान, व्यावहारिक कौशल, टीम वर्क और सुरक्षा प्रोटोकॉल के पालन के महत्व पर प्रकाश डाला।

उधर, पर्यावरण एवं वन विभाग ने अंडमान निकोबार सेलिंग क्लब के सहयोग से कल मरीन पार्क से नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप तक सेलिंग मिनी मैराथन का आयोजन किया। कार्यक्रम में सचिव नीरज भारती, मुख्य वन संरक्षक डॉ. एस. दिनेश कन्नन तथा पर्यावरण एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। सेलिंग मिनी मैराथन दो श्रेणियों – बच्चों और वयस्कों में आयोजित की गई थी। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कार तथा सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र वितरित किए।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती ने कल चिड़ियाटापू स्थित मुंडा पहाड़ ट्रैक का पुनः उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार सिन्हा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान मुख्य सचिव और अधिकारियों ने मुंडा पहाड़ व्यू प्वाइंट तक ट्रैकिंग की। इस नवीनीकृत ट्रैक का उद्देश्य वन पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण करते हुए प्रकृति के प्रति लगाव और जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देना है। यह ट्रैक निर्धारित दिशा–निर्देशों के साथ सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक आगंतुकों के लिए खुला रहेगा।

<><><><><><><>

कालीघाट थाने में दर्ज हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश ने अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। यह मामला नयाग्राम में हुई एक हिंसक घटना से संबंधित है, जहाँ अपने दोस्त के साथ हुई एक मामूली कहासुनी के बाद अभियुक्त ने उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी। कालीघाट थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी उप–निरीक्षक अशोक कुमार बघेल के नेतृत्व में फोरेंसिक जाँच और प्रासंगिक वैज्ञानिक साक्ष्यों के संग्रह के माध्यम से यह जाँच पूरी की गई।

<><><><><><><>